हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, मंगलवार 26 मई 2026

तापमान

अधिकतम 43.0 डिग्री

न्यूनतम 31.0 डिग्री

11 बेजुबान पक्षियों और मवेशियों के लिए दाना-पानी जुटा...



12 झीरम घाटी के शहीदों को देवभोग कांग्रेस ने दी...





## खबर संक्षेप

### जमीन विवाद भाई के साथ गाली गलौज

**महासमुंद।** जमीन विवाद को लेकर नायब तहसीलदार न्यायालय कक्ष में भाई के साथ विवाद कर गाली गलौज करने वाले आरोपी के विरूद्ध सिटी कोतवाली में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को विष्णु चंद्राकर निवासी वार्ड नं 26 क्लबपारा महासमुंद ने बताया कि ग्राम कोना में उसकी पैतृक जमीन है, जिसमें वह कृषि कार्य करता है। उसका अपने छोटे भाई चंद्रपाल चंद्राकर के साथ ग्राम कोना के जमीन विवाद का मामला नायब तहसीलदार महासमुंद में विचाराधीन है, जिसकी पेशी 18.05.2026 को नियत थी। वह नायब तहसीलदार के न्यायालय शाम करीबन 4.30 बजे गया था। न्यायालय कक्ष में पहले से उसका भाई चंद्रपाल चंद्राकर उपस्थित था, जिसे देखकर उसको समझाते हुए बोला कि हम दोनों सगे भाई हैं, पैतृक जमीन है जिसमें हम दोनों आपस में बेवजह लड़ रहे हैं। इस पर छोटे भाई ने गुस्से में आकर कहा कि तुमने मेरे हिस्से की जमीन को फर्जी तरीका अपने नाम कर लिया है। गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी।

### खेत में लगी आग बुझा रहे किसान के साथ मारपीट

**महासमुंद।** खेत में लगी आग को बुझा रहे किसान के साथ एक व्यक्ति ने मारपीट कर दी। मामला बसना थाना क्षेत्र के ग्राम कुदारीबाहरा का है। पुलिस को धजाराम साव ने बताया कि कटेल एवं कुदारीबाहरा में मेरे खेत से लगा हुआ हेमंत साव का भी खेत है। 25 मई को वह अपने खेत काम करने गया था, और देखा मेरे खेत एवं आसपास की खेतों में आग लगी हुई है, जिसे वह बुझा रहा था। तभी वहां हेमंत साव आया और आग क्यों लगाया है कहकर मारपीट करने लगा। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### दुकान के सामने गाली गलौज

**महासमुंद।** दुकान के सामने गाली गलौज करने वाले एक व्यक्ति के विरूद्ध सिटी कोतवाली में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी महेंद्र जैन ने बताया कि 24 मई को भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल की बैठक समाप्त होने के पश्चात शाम लगभग 5.45 को अपनी दुकान आ रहा था, उसी समय प्रिया वस्त्रालय के संचालक हेमंत बोथरा ने उसका पीछा कर दुकान के सामने आकर जोर-जोर से चिल्ला कर गाली गलौज करने लगा तथा उसके दुकान के सामने थूंकने लगा। प्रार्थी ने बताया कि आज सुबह प्रतिदिन की तरह उसका छोटा भाई रविंद्र जैन, जैन मंदिर पूजा करने गया था, उसे भी हेमंत बोथरा द्वारा अपमानित किया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 296 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

# धधक रहे खेत: जिले में रबी फसल की कटाई के बाद धड़ल्ले से जलाई जा रही पराली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

प्रशासन की लगातार अपील और जागरूकता प्रयासों के बावजूद जिले के ग्रामीण इलाकों में किसान रबी सीजन की धान कटाई के बाद खेतों में पराली जलाने से बाज नहीं आ रहे हैं। सोमवार को जिले के कई इलाकों में खेतों से उठती आग और धुएं के गुबार ने चिंता बढ़ा दी। खेत-खलिहान धधकते नजर आए और वातावरण में धुआं फैलने से राहगीरों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। खेतों में पैरा जला देने से पशु पक्षियों जीव जंतु के अलावा मवेशियों को चारा संकट से गुजरना पड़ेगा। गरियाबंद कलेक्टर भगवान सिंह उइके ने बीते दिनों किसानों से अपील करते हुए आग्रह किया था कि वे अपने खेतों में पराली न जलाएं। उन्होंने पराली जलाने से मिट्टी की उर्वरा शक्ति कम होने, पर्यावरण प्रदूषण बढ़ने और आग फैलने से आसपास की फसलों व संपत्ति को नुकसान होने की आशंका के बारे में किसानों को समझाया था। इसके बावजूद किसानों पर प्रशासन की अपील का खास असर दिखाई नहीं दे रहा है। सोमवार को पाण्डुका-राजिम नेशनल हाईवे से लगे खेतों में पराली जलाने का नजारा साफ देखा गया, जहां कई स्थानों पर खेतों में आग लगी हुई थी और धुएं के गुबार आसमान में छाए हुए थे। सड़क किनारे जलती पराली से वाहन चालकों को भी दृश्यता में परेशानी हुई।

## हाईवे के किनारे दिखा धुएं का गुबार, वाहन चालकों को हुई भारी परेशानी



### नष्ट हो रहे हैं मित्र कीट, विशेषज्ञ बोले- बनाएं जैविक खाद


विशेषज्ञों के अनुसार पराली जलाने से मिट्टी में मौजूद लाभकारी सूक्ष्म जीव नष्ट हो जाते हैं, जिससे भूमि की उत्पादकता प्रभावित होती है। साथ ही धुएं से वायु प्रदूषण बढ़ता है और आसपास के लोगों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल असर पड़ता है। प्रशासन किसानों से लगातार अपील कर रहा है कि वे पराली को जलाने के बजाय खेतों में मिलाकर जैविक खाद के रूप में उपयोग करें, ताकि भूमि की गुणवत्ता बनी रहे और पर्यावरण को नुकसान न पहुंचे। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस समस्या पर रोक लगाने के लिए आगे क्या कदम उठाता है।

## मौसम : नौतपा के पहले ही दिन 43 डिग्री पर पहुंचा पारा, आसमान से बरस रही आग

# नौतपा की तपिश, देवभोग-करचिया मार्ग पर डीजल भराने पहुंचे ट्रक का फटा टायर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

नवतपा की शुरुआत के साथ ही क्षेत्र में भीषण गर्मी से लोग बेचैन होने लगे है। सोमवार को तापमान करीब 43 डिग्री तक पहुंच गया। इसी बीच देवभोग-करचिया मार्ग स्थित जगदम्बा पेट्रोल पंप के पास एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। मिली जानकारी के अनुसार धर्मगढ़ की ओर से आ रही एक ट्रक डीजल भराने के लिए करचिया स्थित जगदम्बा पेट्रोल पंप पहुंची थी। इसी दौरान अचानक ट्रक का टायर जोरदार धमाके के साथ फट गया। धमाके की आवाज इतनी तेज थी कि पेट्रोल पंप परिसर में मौजूद लोग घबरा गए और कुछ देर के लिए अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक भीषण गर्मी, तपती सड़क और लगातार लंबे सफर के कारण टायर अत्यधिक गर्म हो गया था, जिसकी वजह से यह हादसा हुआ। राहत की बात यह रही कि घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई और समय रहते बड़ा हादसा टल गया। इन दिनों नवतपा के चलते क्षेत्र में तेज धूप और गर्म हवाओं का असर लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में भारी वाहनों के टायर फटने जैसी घटनाओं की आशंका भी बढ़ गई है।





### गर्मी ने तोड़ा अब तक का रिकॉर्ड, पहले ही दिन 44 डिग्री तापमान

**कोपरा।** क्षेत्र के लोहरसी, भेंडरी, रवेली, सहसपुर, धुरसा, तरीघाट, मुरमुरा गांव में इस वर्ष गर्मी ने सारे पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। सोमवार को नौतप्पा के पहले ही दिन तापमान 44 डिग्री सेल्सियस से ऊपर तक पहुंच गया, जिससे लोगों का जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया। तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण लोग घरों में कैद रहने को मजबूर हो गए, वहीं दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा पसरा नजर आया। सुबह से ही आसमान से आग बरसने जैसी स्थिति बनी रही। दोपहर होते-होते गर्म हवाओं ने लोगों की परेशानी और बढ़ा दी। जरूरी काम से बाहर निकलने वाले लोग भी सिर व चेहरे को कपड़े से ढंककर निकलते दिखाई दिए। भीषण गर्मी के बीच लगातार बिजली गुल होने से लोगों की मुश्किलें दोगुनी हो गई हैं। कई इलाकों में घंटों बिजली बंद रहने से लोग उमस और तपिश से बेहाल नजर आए। घरों में पंखे और कूलर बंद पड़ने से छोटे बच्चे, बुजुर्ग और मरीज सबसे अधिक परेशान रहे। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि भीषण गर्मी के समय बार-बार बिजली कटौती होने से लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। गर्मी का असर व्यापार और मजदूरी पर भी दिखाई दिया। दोपहर में अधिकांश दुकानें सूनी रहीं तथा मजदूर वर्ग भी काम छोड़कर छांव तलाशते नजर आए। चिकित्सकों ने लोगों को दोपहर में घर से बाहर न निकलने, अधिक पानी पीने और लू से बचाव के लिए सतर्क रहने की सलाह दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि आने वाले दिनों में तापमान और बढ़ा तथा बिजली व्यवस्था नहीं सुधरी, तो स्थिति और गंभीर हो सकती है।



### सुबह से बरसी आग, दोपहर में सूनी रहीं सड़कें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

नवताप के पहले ही दिन सोमवार 25 मई को भीषण गर्मी ने लोगों की हालत बिगाड़ कर रख दी। सुबह 8:30 बजे से ही सूर्यदेव ने ऐसी तपिश बरसानी शुरू कर दी कि लोग घरों से निकलने से कतराने लगे। दिन चढ़ने के साथ गर्म हवाओं और तेज धूप ने जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया। दोपहर तक हालात ऐसे बन गए कि शहर की व्यस्त रहने वाली सड़कें भी वीरान नजर आने लगी। सुबह से ही उमस और तेज धूप के कारण लोग पसीने से तरबतर दिखाई दिए। बाजारों में सामान्य दिनों की तुलना में काफी कम चहल-पहल रही। दोपहर होते-होते मुख्य मार्गों, चौक-चौराहों और बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा। इक्का-दुक्का लोग ही जरूरी काम से बाहर निकलते नजर आए। जो लोग बाहर निकले भी, वे सिर पर कंटोप, चेहरे पर गमछा और शरीर ▶▶| शेष पेज 10 पर

## पिता-पुत्र पर जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर पिता-पुत्र पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में पिता और दो बेटे गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजिम और बाद में हालत गंभीर होने पर निजी अस्पताल रेफर किया गया। मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामला राजिम थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम धमनी निवासी जितेंद्र साहू (38 वर्ष) 21 मई की रात खाना खाने के बाद गांव के तालाब पार में बैठे थे। इसी दौरान गांव के तोमेश साहू और गैदराम साहू हाथ में लाठी-डंडा लेकर वहां पहुंचे और पुराने विवाद को लेकर गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोप है कि दोनों ने जान से मारने की धमकी देते हुए जितेंद्र साहू पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में जितेंद्र साहू के सिर, कंधे, हाथ और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। बीच-बचाव करने पहुंचे जितेंद्र के बेटे खिलेश साहू और ओमप्रकाश साहू पर भी आरोपियों ने हमला किया। खिलेश साहू के सिर पर लाठी-डंडे से हमला किया गया, जबकि ओमप्रकाश साहू पर भानकुंवर साहू ने पत्थर पटक दिया, जिससे उसके पैर में गंभीर चोट आई। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी ▶▶| शेष पेज 10 पर





## दूतकैया मामले में 30 लोगों की गिरफ्तारी के विरोध में प्रदर्शन


हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

थाना क्षेत्र के दूतकैया गांव में फरवरी माह में हुई हिंसक झड़प के मामले में 30 लोगों की गिरफ्तारी के विरोध में सोमवार को सर्व हिन्दू समाज एवं ग्रामीणों ने बस स्टेण्ड में धरना-प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते हुए मामले की निष्पक्ष जांच और कथित एकतरफा कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग की। प्रदर्शन में दूतकैया के ग्रामीण एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि पुलिस प्रशासन ने मामले में एकतरफा कार्रवाई की है। ग्रामीणों ने कहा कि पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच कराई जानी चाहिए। धरना-प्रदर्शन में ग्राम दूतकैया ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष बोधन साहू, मदन साहू, ग्राम पटेल लखनलाल साहू, रामअवतार यादव, दुर्गेश साहू, शोभित साहू, भैयालाल साहू, जितेंद्र यादव, मोहन ध्रुव, पंच सरोजनी साहू, अनसुईया साहू, सोनम साहू, नंदनी साहू, गंगाबाई, रुक्मणी साहू, खिलेश्वरी साहू, लता यादव, धनेश्वरी यादव, मोगरा यादव एवं बिशनी साहू शामिल रहीं। इसके अलावा पोखरा परिक्षेत्र साहू समाज के सचिव दिनेश साहू, साहू समाज जिला अध्यक्ष प्रवीण साहू, पूर्व जनपद अध्यक्ष पुष्पा-जगन्नाथ साहू, विश्व हिन्दू परिषद जिला अध्यक्ष प्रकाश निर्मलकर, राजिम पार्षद तुषार कदम, पूर्व शिवसैनिक दानीराम यादव, वेदराम नंदे, विश्व हिन्दू परिषद जिला उपाध्यक्ष प्रीति पांडे, दुर्गावाहिनी जिला संयोजिका रेणु सेन तथा मातृशक्ति राजिम की संगीता दीवान सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द उचित कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। इस आशय का ज्ञापन राजिम एसडीएम विशाल महाराणा को सौंपा गया।

# मुरूम का अवैध खनन, गांवों की सरकारी जमीन खाई में तब्दील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

क्षेत्र के गांवों में सेल्के कंपनी नियमों को ताक पर रखकर दो चेन माउंटेन मशीनों से मुरूम का अवैध उत्खनन कर रही है। इलाके से ओवरलोड 16 चक्का वाहनों से मुरूम का परिवहन किया जा रहा है। इसके चलते ग्राम खोला को जोड़ने वाली प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनी सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी है। इसके कारण आने-जाने वाले राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों में कंपनी के खिलाफ भारी आक्रोश देखा जा रहा है। ठेलकाबांधा में कंपनी सरकारी जमीन को इस तरह खोद रही है कि मानो वह उनकी निजी जमीन है। गांव की जमीन को मौत के कुएं में तब्दील कर दिया गया है। अवैध खनन से 25 से 30 फीट खाई बना दी गई है, लेकिन खनिज विभाग के अधिकारी सोए हुए हैं। बताया जाता है कि कंपनी द्वारा रायल्टी से 100 गुना मुरूम निकाली गई है। रायल्टी 10 घनमीटर के लिए है और 16 चक्का ट्रक में 40 घनमीटर ▶▶| शेष पेज 10 पर



### ओवरलोड ट्रकों से सड़कें हुईं जर्जर

# पट्टा एवं भूमि नियमन की मांग, नपं अध्यक्ष ने डिप्टी सीएम को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

नगर पंचायत छुरा की अध्यक्ष लुकेश्वरी थानसिंह निषाद ने छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव को एक पत्र लिखकर वार्ड क्रमांक 02, 03 और 04 (आवासपारा एवं गढियापारा) में निवास करने वाले परिवारों के लिए आबादी पट्टा और भूमि नियमन की मांग की है। अध्यक्ष द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 02, 03 और 04 के इन क्षेत्रों में सैकड़ों परिवार पिछले 40-50 वर्षों से लगातार रह रहे हैं। इन वार्डों में पूर्व की घासधरती और झाड़ी वाले क्षेत्र अब पूरी तरह से मानव बसाहट और आबादी क्षेत्र में परिवर्तित हो चुके हैं। भूमि का विधिवत सर्वेक्षण और नियमन न होने के कारण, यहां रहने वाले परिवार शौचालय, प्रधानमंत्री आवास योजना और अन्य सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पाने से वंचित हैं।

लुकेश्वरी निषाद ने मंत्री अरुण साव से जनहित और सामाजिक न्याय को ध्यान में रखते हुए इस पूरे क्षेत्र का तत्काल सर्वे कराने का आग्रह किया है। उन्होंने मांग की है कि पात्र परिवारों को जल्द से जल्द आबादी पट्टा या भूमि नियमन प्रदान किया जाए, ताकि वे शासन की सभी योजनाओं का लाभ प्राप्त कर अपना जीवन स्तर सुधार सकें।



## समिति करा रही सौंदर्यीकरण, युद्धस्तर पर चल रहा ड्रेसिंग का कार्य

# मोंगरा में शासकीय तालाब बनेगा भव्य 'मानसरोवर'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

ग्रामीण विकास और जनभागीदारी की एक अनूठी और भव्य तस्वीर तहसील छुरा के ग्राम मोंगरा (सड़कपारा) से निकलकर सामने आ रही है। गांव के विकास और धार्मिक पर्यटन को एक नया आयाम देने के लिए छुरा ब्लॉक के पीओ (कार्यक्रम अधिकारी) कंवर सर के कुशल मार्गदर्शन में एक नए तालाब का निर्माण किया गया है, जो पूरे क्षेत्र में सराहना का केंद्र बना हुआ है। इस शासकीय पहल को जन-आंदोलन का रूप देते हुए ग्राम की प्रतिष्ठित 'शिव शक्ति मंदिर समिति' ने अब इस तालाब को अलौकिक 'मानसरोवर' का रूप देने का भव्य संकल्प लिया है। तालाब का सौंदर्यीकरण और 'ड्रेसिंग' का कार्य युद्धस्तर परप्रशासनिक सहयोग से निर्मित इस तालाब को सुंदर और दर्शनीय बनाने के लिए वर्तमान में इसके मेड़ (पार) पर डरेशी (ड्रेसिंग और समतलीकरण) का कार्य अत्यंत तीव्र गति से चल रहा है। तालाब के किनारों को न केवल सुरक्षित किया जा रहा है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए यहाँ बड़े पैमाने पर रंग-बिरंगे फूल और औषधीय पौधे लगाए जाएंगे। आने वाले समय में यह तालाब ग्रामीणों के लिए एक उत्कृष्ट दर्शनीय स्थल और शांति का केंद्र बनेगा। 8 लाख का भव्य टीन शेड और विशाल शिव शक्ति मंदिर का निर्माणसमिति के पदाधिकारियों ने बताया कि तालाब की भव्यता को चार चांद लगाने के लिए यहां एक विशाल और भव्य शिव शक्ति मंदिर का निर्माण कार्य पूरी आस्था के साथ किया जा रहा है। श्रद्धालुओं की सुविधा और धार्मिक आयोजनों के लिए 8 लाख रुपये की लागत से एक विशाल टीन शेड का निर्माण भी प्रगति पर है। मंदिर समिति का उद्देश्य इस पूरे परिसर को एक पवित्र और अद्वितीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करना है, ताकि यहाँ आने वाले हर श्रद्धालु ▶▶| शेष पेज 10 पर





## खबर संक्षेप



### शहीद फणेश्वर सिन्हा का 15वां शहादत दिवस मनाया

**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम सोरिद खुर्द में शहीद फणेश्वर सिन्हा के 15वें शहादत दिवस पर 23 मई शनिवार की संध्या ग्रामीणों द्वारा दीप प्रज्वलित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर शहीद परिवार, समस्त ग्रामवासी एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सदस्य उपस्थित होकर उन्हें नमन किए। वहीं 24 मई रविवार को शहीद फणेश्वर सिन्हा की पुण्यतिथि पर सुबह सत्यनारायण कथा एवं पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। संध्या बेला में उनके निवास स्थान पर रामायण पाठ एवं भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कार्यक्रम में शहीद के माता-पिता निर्मला देवी सिन्हा एवं जगन्नाथ सिन्हा, भाई-भाभी जयप्रकाश सिन्हा एवं दुर्गा सिन्हा, भतीजी डीम्पी, भतीजा चिरंजीव, दीदी-जीजा द्रौपती सिन्हा एवं संतोष सिन्हा सहित परिवार एवं कुटुंबजन उपस्थित रहकर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

### सनामन समरसता यात्रा के लिए अनुमति की मांग

**महासमुंद।** शहीद वीर सावरकर की जयंती पर 28 मई से 3 जून तक सनातन समरस्ता यात्रा की अनुमति देने की मांग कलेक्टर से की है। सनातन समरस्ता पदयात्रा समिति के प्रधान संयोजक रविप्रकाश ने बताया कि सनातन समरस्ता पदयात्रा समिति द्वारा समस्त सनातन धर्म के प्रबुद्धजनों के मार्गदर्शन से शहीद वीर सावरकर की जयंती के उपलक्ष्य में 28 मई से से 03 जून 2026 तक पदयात्रा का आयोजन किया गया है। पदयात्रा का शुभारंभ ग्राम सिंघोड़ा सरायपाली मंदिर से विधिवत पूजा अर्चना पश्चात प्रारंभ होकर मुख्यमंत्री के निवास स्थान पर उन्हें ज्ञापन सौंपकर संपन्न होगी। पदयात्रा का प्रारंभ सरायपाली सिंघोड़ा मंदिर से 28 मई को होकर बसना, भगतदेवरी, सांकरा, पिथोरा, झलप, पटेवा, तुमगांव, आरंग, मंदिर हसौद होते हुए सिविल लाइन रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास पहुंचेगी। यात्रा का उद्देश्य सनातन धर्म में व्याप्त कुरीतियों एवं छुआ-छूत जैसे अन्य बुराइयों को दूर कर सनातन धर्म में परस्पर एकता एव भाईचारा बनाए रखना है, यह पदयात्रा पूर्ण रूप से गैर राजनीतिक है तथा पदयात्रा समिति इस यात्रा को शांति पूर्ण तरीके से करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### अभ्यर्थियों ने उच्च शिक्षा मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**रायपुर।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय (रविवि) में प्रोफेसर और एसोसिएट प्रोफेसर के शैक्षणिक पदों पर जारी भर्ती में गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए अभ्यर्थियों ने राज्यपाल रमेन डेका, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा को ज्ञापन सौंपा है।

# पांडुका के हितग्राही का पोड़ में बना मकान, अधिकारी बोले- कराएंगे जांच

## नियमों को ताक पर रख दूसरे गांव में बना दिया पीएम आवास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाण्डुका

प्रदेश सरकार द्वारा 18 लाख हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास देने की घोषणा तो किया है और गांव-गांव में ग्राम पंचायत में आवास भी बना रहे पर प्रधानमंत्री आवास का नियम की बात की जाए तो इसके नियम में कोई मां-बाप नहीं है जिसको जहां मर्जी आ रहा है वहां अपना आवास भवन बनाया जा रहा है। नियमों की अनदेखी आवास मित्र से लेकर जनपद व और जिला में बैठे आवास शाखा द्वारा भारी भर्राशाही किया जा रहा है और गरियाबंद जिले के विकासखंड छूरा में ऐसी गड़बड़ी न हो ऐसा तो हो ही नहीं सकता और एक बार फिर ग्राम पंचायत पांडुका के एक व्यक्ति का आवास ग्राम पंचायत पोंड में बन गया है। 2024 - 25 में बाल गोविंद पिता वीर सिंह साहू के नाम से आवास स्वीकृत हुआ चुकी बाल गोविंद साहू का मूल निवास ग्राम पंचायत पांडुका है और वह ग्राम पंचायत पोंड में सड़क किनारे प्लाट खरीदा था किसी को पता नहीं चला और चुपचाप आवास बना दिया गया जबकि जिस जगह में आवास बनाया गया वह ग्राम पंचायत पोंड का क्षेत्र पड़ता है इस प्रकार नियम की बात की जाए तो प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों को अपने कच्चे मकान को ही शो करके दिखाकर आवास बनाना है पर विकासखंड छूरा में प्रधानमंत्री आवास के नियम की बात की जाए तो यहां कोई नियम लागू नहीं होता जिसको जहां जैसी मर्जी है वहां बना रहे हैं कई ग्राम पंचायत में सरकारी जमीन को हड़पने की नीयत से सड़क किनारे की जमीनों में भी प्रधानमंत्री आवास बनाए जा रहे है पर ग्राम पंचायत पांडुका में उल्टा ही गंगा बहा है जहां का मूल निवासी है वह अपने मूल घर को छोड़कर अपने घर से लगभग 3 किलोमीटर दूर दूसरे ग्राम पंचायत में अपना आवास बनाकर दिखा दिया है इस बात की जानकारी ग्राम पंचायत के आवास मित्र, रोजगार सहायक, सचिव सरपंच सभी को है पर कोई कार्रवाई या इसमें जानने की कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई।



### जमीन होने पर भी दूसरी पंचायत में बनाना गलत, जांच होगी: सीईओ

इस बारे में जब ग्राम पंचायत के सचिव रामगोपाल ध्रुव से चर्चा किया गया तो उन्होंने बताया कि नियम की बात की जाए तो यह गलत है पर हम लोगों को आवास मित्र द्वारा नहीं बताया गया है और मैंने इसकी जानकारी सीईओ साहब को दे दी है। वहीं इस बारे में मुख्य कार्यपालन अधिकारी सतीश चंद्रवंशी से पूछे जाने पर बताया कि उस जगह उसकी जमीन है तो वहां बना सकता है नियम की बात की जाए तो दूसरे ग्राम पंचायत में बनाना सही नहीं है जांच करवाता हूं और इस पर कार्रवाई करवाऊंगा।

## परेशानी : दवाई, राशन और सब्जी के लिए तरस रहे बुजुर्ग, विधवा और दिव्यांग

# पांच महीने से पेंशन के लिए भटक रहे जिले के 34 हजार से अधिक हितग्राही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

सरकार के महत्वपूर्ण योजना बुजुर्ग, दिव्यांग एवं विधवा पेंशन के लिए पिछले पांच महिनो से हजारो लोग चक्कर लगा रहे है लेकिन अब तक उन्हे पेंशन नही मिला है ग्रामीणो को मिलने वाली पेंशन पिछले पांच माह से अटकी हुई है जिसके कारण बुजुर्ग, विधवा और दिव्यांगजन दाने-दाने को मोहताज हो रहे है प्रतिदिन शासकीय कार्यालयो का चक्कर लगा रहे है लेकिन उन्हे कब पेंशन मिलेगा इसका सही जवाब देने वाला कोई नही है। जनपद पंचायत कार्यालय से लेकर जिला कार्यालय मे चक्कर लगा रहे है सिर्फ उन्हे इतना बताया जाता है कि केन्द्र से बजट नही आया है जिसके कारण उनका पेंशन अटका हुआ है जिसके कारण उन्हे दवाई, राशन, सब्जी जरूरी खर्च के लिए दर दर भटकना पड़ रहा है। बुढ़ापे का सहारा वृद्धा पेंशन 05 माह से नहीं मिलने के कारण गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र के हजारों बुजुर्ग बेहद परेशान हो गए है और कई लोगों का जीवन सिर्फ इसी पैसे के सहारे चलता है ऐसे लोगों का जीवन स्तर बेहद प्रभावित हो रहा है साथ ही पेंशन मिलने की आस में बैंको, जनपद कार्यालय, पंचायत कार्यालय का लगातार चक्कर लगा रहे है लेकिन हर बार उन्हे निराश होकर घर लौटना पड़ रहा है। जानकारी लेने पर समाज कल्याण विभाग गरियाबंद के उपसंचालक डी पी ठाकुर ने पिछले दिनों बताया की पूरे गरियाबंद जिले में वृद्धा पेंशन योजना के कुल हितग्राही 24 हजार 507, विधवा पेंशन योजना के 9034 एवं दिव्यांग पेंशन योजना के 870 को मिलाकर कुल 34 हजार 411 हितग्राहियो को जनवरी 2026 पांच माह का पेंशन राशि नही मिल पाया है। उन्होने बताया आगे से आबंटन ही नहीं आया है जबकि पूरी जानकारी भेजी जा चुकी है। 60 वर्ष के ऊपर के हितग्राहियों को 500 रुपए प्रतिमाह एवं 80 वर्ष के ऊपर हितग्राहियों को 650 रूपये मिलता है।









### केवल केंद्रीय पेंशन योजनाएं ठप, राज्य की योजनाएं जारी

इंदिरा गांधी वृद्धा पेंशन योजना के तहत 60 वर्ष से ऊपर के हितग्राही को प्रतिमाह 500 रूपये एवं 80 वर्ष के ऊपर हितग्राही को 650 रूपये, विधवा पेंशन 500 रूपये एवं दिव्यांग पेंशन 500 रूपये दिया जाता है जो अभी तक हितग्राहियो को नही मिल पाया है। वही दूसरी ओर राज्य स्तर का पेंशन समाजिक, सुखद, मुख्यमंत्री पेंशन योजना की राशि हर माह मिल रहा है। लेकिन पांच माह का पेंशन नहीं मिलने से हितग्राही बुजुर्ग बेहद परेशान हो गये है। बुजुर्गो को पांच माह से वृद्धा पेंशन न मिलना एक गंभीर समस्या है जिससे उन्हे आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है कई वृद्धो को जिन्हे परिवार के सदस्यों का सहारा नही मिल रहा है वे दर दर की ठोकरे खा रहे है। शासन एक ओर पेंशन राशि के माध्यम से वृद्धो को सहायता देने का दावा तो कर रही है लेकिन वास्तविक स्थिति कुछ और ही दिख रही है हजारो हितग्राहियो को पेंशन नही मिला है। 80 वर्षिय रामेश्वर, राधिका बाई, डुमरबाई, रामबती ने बताया की पांच माह से पेंशन के लिए चक्कर लगा रहे है लेकिन पेंशन नहीं मिलने से भारी परेशानी हो रही है। उन्होने बताया पहले आसानी से पेंशन मिलता था अब परेशानी हो रही है वृद्धा पेंशन नही मिलने से जीविकापार्जन करने में भारी परेशानी हो रही है लगातार हर माह पंचायत और जनपद का चक्कर लगा रहे है अब मिलेगा तब मिलेगा कहा जा रहा है लेकिन नही मिल पा रही है वही दूसरी ओर दिव्यांग पेंशन वाले भी अपना परेशानी बताते हुए पेंशन जल्द भुगतान करने की मांग किया है।

### मैनपुर ब्लॉक में 10 हजार से अधिक हितग्राही: पंचायत

पंचायत इस्पेक्टर राजकुमार ध्रुवा ने बताया कि आगे से ही पेंशन नहीं आई है। पूरी जानकारी जिला स्तर में भेजा जा चुका है। उन्होने बताया की जनपद तक ग्रामीण पेंशन की राशि की मांग करने आ रहे है। राजकुमार ध्रुवा से मिली जानकारी के अनुसार मैनपुर विकासखण्ड में वृद्ध पेंशन 7 हजार 822, विधवा पेंशन 2300 एवं दिव्यांग पेंशन 375 हितग्राहियों को वितरण किया जाता है।

## झीरम के शहीदों को ब्लॉक कांग्रेस ने दी श्रद्धाजंलि



**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर मे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर झीरम घाटी में 25 मई 2013 को नक्सली हमले में शहीद नेताओं और जवानों को नमन करते हुए उन्हे अपनी विनम्र श्रध्दाजंली अर्पित की गई, ब्लाक कांग्रेस कमेटी मैनपुर द्वारा श्रद्धाजंली सभा का आयोजन कर पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष नंदकुमार पटेल, विद्याचरण शुक्ल, महेन्द्र कर्मा, दिनेश पटेल, उदय मुदलियार सहित झीरम घाटी हमले मे शहीद हुए सभी कांग्रेस नेताओं शहीद जवानो को याद करते हुए दो मिनट मौन रखकर श्रद्धाजंली अर्पित की गई, इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने शहीदों के छायाचित्र पर पुष्पाजंली अर्पित करते हुए कहा झीरम हमलें में शहीद हुए कांग्रेस के नेताओं के योगदान को कभी नही भुलाया जा सकता, उन्होने आगे झीरम के शहीदो को नमन करते हुए अपनी श्रध्दाजंली अर्पित की है इस दौरान ब्लॉक महामंत्री गेंदु यादव ने शहीदों को श्रध्दाजंली अर्पित करते हुए कहा कि उनकी शहादत व्यर्थ नही जायेगी, झीरम की शहादत को भुल पाना असंभव है कांग्रेस पार्टी ने इस हमले में अपने कई बडे नेताओं को खो दिये है, आज हम इन शहीद नेताओं के बताए रास्तो पर चलकर कांग्रेस को और अधिक मजबुत करने की जरूरत है, इस मौके पर प्रमुख रूप से ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेंदु यादव, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सोहन नागेश, पूर्व युवा कांग्रेस अध्यक्ष शाहिद मेमन, देवीसिंह कमलेश, पवन जगत, डोमार साहू, लिलेश चक्रधारी, लिकेश यादव, तनवीर ठाकुर, किसान कांग्रेस अध्यक्ष पारेश्वर नेगी, रामभरोसा, नंदकिशोर पटेल, रघुवर सिंह, प्रियंका कपिल, नीरा कपिल, निहाल नेताम, ठाकुरराम यादव, लिलेश साहू, घनश्याम यादव, सामंत शर्मा, भुनेश्वर नेगी, आदिवासी कांग्रेस अध्यक्ष दुलेन्द्र नेगी सहित बड़ी संख्या मे कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# भेण्डरी में हनुमान प्रतिमा खंडित करने पर भड़का आक्रोश, बजरंग दल ने दी चक्काजाम की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर



विकासखंड अंतर्गत ग्राम भेण्डरी में स्थित शीतला मंदिर समीपस्थ हनुमान जी मंदिर में कुछ अज्ञात असामाजिक तत्वों द्वारा अत्यंत निंदनीय एवं धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाली घटना को अंजाम दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अज्ञात व्यक्तियों द्वारा मंदिर परिसर में शराब एवं मांस का सेवन कर वातावरण को अपवित्र किया गया तथा हनुमान जी की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर खंडित कर दिया गया। गरियाबंद के जिला संयोजक मोहित साहू ने बताया घटना की जानकारी 24 मई को प्रातः लगभग 10 बजे विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को प्राप्त हुई, जिसके पश्चात संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता तत्काल घटनास्थल पहुँचे और स्थिति का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान यह स्पष्ट रूप से पाया गया कि कुछ असामाजिक एवं शराबी प्रवृत्ति के व्यक्तियों द्वारा इस कृत्य को अंजाम देकर हिंदू समाज की धार्मिक आस्था एवं भावनाओं को गहरा आघात पहुँचाने का प्रयास किया गया है।



इस कायरतापूर्ण एवं निंदनीय घटना की कड़ी भर्त्सना करते हुए अपना प्रबल विरोध दर्ज कराता है।यह केवल एक मंदिर अथवा प्रतिमा पर हमला नहीं, बल्कि संपूर्ण हिंदू समाज की आस्था, श्रद्धा एवं धार्मिक विश्वासों पर आघात है, जिसे किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। घटना की सूचना तत्काल ग्रामवासियों एवं पुलिस प्रशासन को दे दी गई है साथ ही एफ आई आर भी दर्ज कर लिए गया है तथा दोषी अज्ञात व्यक्तियों की शीघ्र पहचान कर उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है।संगठन ने प्रशासन से मांग की है कि सात कार्य दिवस के भीतर आरोपियों की पहचान कर नामजद एफआईआर दर्ज करते हुए उन्हें गिरफ्तार किया जाए तथा घटना में संलिप्त सभी तत्वों पर कठोर धाराओं के अंतर्गत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।बजरंग दल ने प्रशासन को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि निर्धारित समयावधि के भीतर दोषियों पर उचित कार्रवाई नहीं की गई, तो संगठन एवं समस्त हिंदू समाज के सहयोग से फिंगेश्वर महासमुंद मार्ग पर उग्र धरना, चक्काजाम एवं जनआंदोलन करने के लिए बाध्य होगा,जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। संगठन ने समस्त हिंदू समाज से अपील की है कि वे शांति एवं एकता बनाए रखते हुए इस घटना के विरोध में संगठित रहें तथा प्रशासन से निष्पक्ष एवं त्वरित कार्रवाई की मांग करें। इस अवसर पर लक्ष्य शर्मा हरीश साहू, खिलेश साहू, हरीश सिन्हा, भीखम सतनामी आदि उपस्थित थे।

# खाद और डीजल की किल्लत से भड़के किसान, एनएच जाम करने की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

खाद एवं पेट्रोल डीजल पर्याप्त मात्र मे उपलब्ध नहीं होने से नराज किसानों और ग्रामीणों ने एक सप्ताह के भीतर व्यवस्था मे सुधार नहीं किया गया तो नेशनल हाइवे 130 सी मे धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है और इस संबंध मे मैनपुर पहुंचकर एसडीएम हितेश्वरी बाघे को ग्रामीणों ने ज्ञापन भी सौपा है। उदंती सीतानदी अभ्यारण्य क्षेत्र के किसान नेता पूर्व सरपंच अर्जुन नायक, रूपसिंग मरकाम, नरसिंग नेताम, घुरउराम सोरी, भजनसिंग, राजकुमार, रिखीराम, खेदुराम नेताम, परमे"वर सोरी, टिकम नागवंशी, गुरमुखसिंग, अमरसिंग, रघुराम, खेमराज, महादेव मरकाम, कैलाश एवं ग्रामीणो ने मीडिया से चर्चा करते हुए बताया कि खरीफ धान फसल की तैयारी प्रारंभ हो गई है और अभी से खाद बीज की परेशानी से किसानो को दिक्कत होने लगी है प्रति एकड़ मात्र एक बोरी यूरिया, डीएपी दिया जा रहा है जिससे खेती किसानी मे भारी परेशानी हो रही है और खुले



बाजार मे अधिक दामों पर खरीदने किसान विवश हो रहे है। किसान नेताओ ने आगे बताया की उदंती सहित ग्रामीण क्षेत्रों में 40-50 किमी तक पेट्रोल पंप नहीं है और पेट्रोल पंप में सिर्फ एक हजार रुपए का डीजल दिया जा रहा है साथ ही डब्बा और जरकीन में नहीं दे रहे है ऐसे में इतने दूर से ग्रामीण कैसे डीजल भरवाने के लिए पंप तक पहुंचेंगे यह सोचने को मजबुर करता है। जमीनी स्तर पर ग्रामीणों और किसानों की समस्या को कोई नही सुन रहा है हमे खाद, बीज, पेट्रोल, डीजल पर्याप्त मात्र मे उपलब्ध कराया जाये अन्यथा एक सप्ताह के भीतर हम लोग उग्र आंदोलन करेंगे जिसकी सारी जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी।

## गायत्री चेतना केंद्र में दिग्गजों की बैठक में लिया गया भव्य आयोजन का संकल्प

# फिंगेश्वर में सजेगा 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वाधान में फिंगेश्वर नगर में जिला स्तरीय 108 कुंडिय गायत्री महायज्ञ का भव्य आयोजन होगा जिनके तैयारी के संबंध में गायत्री चेतना केंद्र फिंगेश्वर में जिला गरियाबंद की अखिल विश्व गायत्री परिवार के पदाधिकारी एवं सदस्यों,जनप्रतिनिधियों तथा नागरिकों का अति आवश्यक बैठक संपन्न हुआ। यज्ञ को लेकर तिथि की घोशणा शीघ्र। बैठक में वेद माता गायत्री का पूजा अर्चना एवं गायत्री महामंत्र के साथ बैठक प्रारंभ किया गया जिसमें गायत्री परिवार के जिला के प्रमुख जिम्मेदार जिला प्रभारी जिला समन्वयक विकासखंड संबंधित एवं इकाई प्रमुखों सहित भारी संख्या में अखिल विश्व गायत्री परिवार के सदस्य एवं महिलाएं उपस्थित रही। उक्त बैठक में प्रमुख रूप से राजिम गायत्रीशक्तिपीठ के प्रमुख ट्रस्टी एवं राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, गायत्री परिवार के जिला समन्वयक टीकम राम साहू,जिला प्रभारी रोमन चंद्राकर,वरिष्ठ नागरिक भागवत हरित, गायत्री चेतना केंद्र फिंगेश्वर के समन्वयक एच एल साहू, गायत्री परिवार के वरिष्ठ सदस्य रामू राम साहू, परमानंद यादव जगदीश साहू, शिवकुमार सिंह ठाकुर, नगर पंचायत अध्यक्ष धनराज सूर्यवंशी, डॉ. चंद्रशेखर हरित, ब्लॉक समन्वयक टीकमचंद सेन, पूर्व सरपंच ओमप्रकाश बंछोर आदि के प्रमुख उपस्थिति में बैठक संपन्न हुआ और उपस्थित गायत्री परिवार प्रमुखों द्वारा मार्गदर्शन एवं उद्बोधन दिया गया।



### हमारे लिए सौभाग्य का विषय: चंदूलाल साहू

संगोष्ठी में प्रमुख रूप से उपस्थित गायत्री मंदिर राजिम के ट्रस्टी राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद चंदूलाल साहू ने संबोधित करते हुए कहा कि फिंगेश्वर नगर में 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का भव्य आयोजन हम सभी अखिल विश्व गायत्री परिवार के सदस्यों के लिए सौभाग्य का विषय है।तन मन और धन से हम सभी मिलकर सहयोग कर महायज्ञ को संपन्न बनाएंगे।इसके लिए प्रत्येक घर एवं गांव में जाकर आमंत्रण देकर प्रचार प्रसार किया जाएगा ताकि जिला एवं अन्य सभी जगह से लोग शामिल हो सके। उन्होंने गायत्री परिवार के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए प्रचार प्रसार के साथ दीप यज्ञ कर,नशा उन्मूलन,नारी जागृति एवं सशक्तिकरण तथा संस्कार इत्यादि करने पर जोर दिया। जिला समन्वयक टीकम राम साहू ने कहा कि फिंगेश्वर में 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ होना परम पूज्य गुरुदेव और वंदनीय माता की कृपा है शांतिकुंज हरिद्वार से शीघ्र ही तिथि तय होगा जिसके लिए जिला गरियाबंद के सभी ब्लॉक एवं इकाई मिलकर और मेहनत एवं प्रचार प्रसार कर भव्य रूप से यज्ञ को सफल एवं ऐतिहासिक बनाएंगे।

**घर-घर दीप यज्ञ और प्रचार से जगेगी अलख-** जिले भर के ग्राम इकाई से उपस्थित प्रमुखों एवं सदस्यों का सुझाव लिया गया जिसमें सभी ने एक स्वर से फिंगेश्वर नगर में जिला स्तरीय 108 कुंडी गायत्री महायज्ञ करने का संकल्प लिया। इसके साथ ही क्षेत्र के ग्रामों में दीप महायज्ञ इत्यादिकर 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ को सफल बनाने के लिए घर- घर गांव गांव प्रचार कर अलख जगाया जाएगा। घर-घर आमंत्रित किया जाएगा तथा अखिल विश्व गायत्री परिवार के मूल उद्देश्य व्यक्ति निर्माण, परिवार निर्माण, समाज निर्माण एवं राष्ट्र निर्माण के क्षेत्र में जनकल्याण के लिए अधिक से अधिक घरों में देव स्थापना, आगामी दिनों में प्रकृति संरक्षण के लिए आधिक से अधिक वृक्षारोपण किया जाएगा।

## पेज 9 के शेष...

### सुबह से बरसी आग...

को पूरी तरह ढंककर गर्मी से बचने का प्रयास करते दिखाई दिए। भीषण गर्मी का असर बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर भी साफ नजर आया। सामान्य दिनों में यात्रियों से गुलजार रहने वाले स्थान सोमवार को लगभग खाली दिखाई दिए। यात्री गाड़ियों में भी सवारियों की संख्या बेहद कम रही। तेज धूप और लू के डर से लोग घरों में ही दुबके रहे। दुकानदारों, खोंचे वालों और फल-फूट ठेला लगाने वालों की स्थिति भी दयनीय रही। ग्राहक नहीं आने से अधिकांश लोग दिनभर सड़क किनारे बैठे केवल इंतजार करते नजर आए। कई दुकानदारों ने बताया कि सुबह के कुछ घंटों को छोड़ दें तो पूरे दिन बाजार में ग्राहकी नहीं के बराबर रही। गर्मी के कारण लोग घरों से निकल ही नहीं रहे हैं। मौसम के जानकारों के अनुसार नौतप्पा के शुरूआती दिन में ही तापमान तेजी से बढ़ा है और आने वाले दिनों में गर्मी और अधिक विकराल रूप ले सकती है। दोपहर के समय लू चलने की संभावना बनी हुई है। ऐसे में लोगों को बेहद सावधानी बरतने की सलाह दी जा रही है। चिकित्सकों ने भी दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक अनावश्यक रूप से बाहर नहीं निकलने, पर्याप्त पानी पीने और शरीर को ढंककर रखने की सलाह दी है। नौतप्पा के पहले दिन ने ही यह संकेत दे दिया है कि आने वाले नौ दिन लोगों के लिए कठिन परीक्षा साबित हो सकते हैं। तेज धूप और तपती हवाओं ने अभी से आम जनजीवन को प्रभावित करना शुरू कर दिया है।

### पिता-पुत्र पर...

मच गई। परिजनों ने घायलों को तत्काल राजिम अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत को देखते हुए तीनों को निजी अस्पताल में रेफर किया गया। मामले की सूचना पर राजिम पुलिस ने आरोपी तोमेश साहू, गैंदराम साहू और भानकुंवर साहू के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की विवेचना जारी है और आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### मुरूम का अवैध...

मुरूम का अवैध परिवहन कर रहे हैं। कंपनी द्वारा ग्राम खोरपा एवं संकरी में भी 30 से 40 फीट गहराई कर अवैध मुरूम निकाली गई है। छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस जे के रायपुर ग्रामीण जिला अध्यक्ष माखन ताम्रकार ने कहा कि सेल्के कंपनी पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो इस मुद्दे को लेकर एसडीएम कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शासकीय घास जमीन को कंपनी द्वारा गांव-गांव में मौत का कुआं बना दिया गया है। कार्रवाई नहीं होने से सेल्फे कंपनी के हौसले बुलंद है।

**जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी : एसडीएम-** एसडीएम रवि सिंह ने कहा कि कई गांव से कंपनी की शिकायत आ रही है। रायल्टी कितने की ली है और कितना घनमीटर खोदाई कर लिया गया है, इनकी जांच की जाएगी। इसके बाद सेल्के कंपनी पर जल्द ही कार्रवाई की जाएगी। मुरूम के अवैध उत्खनन की पटवारी रिपोर्ट के आधार पर कंपनी को नोटिस जारी किया जाएगा। रायल्टी से अधिक मुरूम की कंपनी भरपाई करेगी।

### मोंगरा में...

को 'मानसरोवर' जैसी दिव्यता की अनुभूति हो सके।

**सराहनीय प्रयास के पीछे जुटी है यह समर्पित टीम-** शिव शक्ति मंदिर समिति इस पूरे भगीरथ प्रयास को धरातल पर उतारने में शिव शक्ति मंदिर समिति के अध्यक्ष, पदाधिकारियों और सदस्यों का समर्पण अद्वितीय है। समिति की कार्यकारिणी टीम अध्यक्ष रूपसिंह नायक, उपाध्यक्ष पिलमराम नेताम, सचिव लखन लाल चक्रधारी, कोषाध्यक्ष हरिश्चंद्र मरकाम, समिति संचालक रामचन्द्र नायक, वागेश साहू, विजय नायक, चन्द्रशेखर साहू, डोमार सिंह नेताम, भुवनेश्वर भोय, भागीरथी नायक, सदन नेताम, रामसंग नायक, मुकुंद विश्वकर्मा, द्वारिका राम नायक, बरातू राम नायक, भूषण भोय एवं श्री घनश्याम नायक। ग्रामीणों का कहना है कि शासकीय योजनाओं (पीओ कंवर सर के मार्गदर्शन) और स्थानीय जनभागीदारी (शिव शक्ति समिति) के इस बेहतरीन तालमेल से ग्राम मोंगरा का यह क्षेत्र आने वाले दिनों में जिला गरियाबंद ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश के लिए एक रोल मॉडल साबित होगा। सौंदर्य और आस्था का यह संगम देखने लायक होगा।

**खबर संक्षेप**

## भलेसर में संत रविदास भवन बनाने की मांग

**महासमुंद।** सुशासन तिहार में कमरौद पहुंचे मुख्यमंत्री को ग्राम पंचायत भलेसर नयापारा के संत रविदास समिति ने ज्ञापन सौंपकर गांव में भवन निर्माण कराने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि ग्राम पंचायत भलेसर नयापारा में गुरु संत रविदास का कोई भवन नहीं है और न ही कोई ऐसा भवन है जहां हम सामाजिक गतिविधियों का संचालन कर पाए। इसके कारण समाज के लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। विधानसभा चुनाव के समय में निरंजन कोसरिया एवं उत्तरा प्रहरे द्वारा 10,00,000 का भवन दिलाने का वादा किया था। किंतु, अभी तक भवन निर्माण के लिए राशि स्वीकृत नहीं हुई है। रविदास समाज के लोगों ने भवन निर्माण के लिए राशि स्वीकृत करने की मांग की है।

## शहर में शतरंज प्रतियोगिता 31 को

**महासमुंद।** ब्रिलियंट चेस एकेडमी द्वारा आगामी 31 मई 2026 को एक दिवसीय भव्य शतरंज टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है। इस प्रतियोगिता में विशेष रूप से पहली से बारहवीं कक्षा तक के शुरुआती खिलाड़ियों को अपनी चालों का हुनर दिखाने का सुनहरा मौका मिलेगा। एकेडमी के संचालक, नेशनल चेस कोच एवं नेशनल आर्बिटर संदीप पटले ने बताया कि टूर्नामेंट को लेकर बच्चों और पालकों में भारी उत्साह है। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बच्चों में मानसिक विकास को बढ़ावा देना और उन्हें प्रोफेशनल टूर्नामेंट का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना है। बच्चों के इसी भारी उत्साह और पालकों की मांग को ध्यान में रखते हुए प्रबंधन ने रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि को आगे बढ़ा दिया है। अब खिलाड़ी बिना लेट फीस के 27 मई तक अपना पंजीकरण करा सकेंगे।

## अमृतलाल के आवास के लिए किया सर्वे

**महासमुंद।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत ग्राम पंचायत परसुली के आश्रित ग्राम अमनपुरी निवासी अमृत लाल सोनवानी पिता लक्ष्मण सोनवानी पत्नी इन्द्रौतिन सोनवारी को आवास स्वीकृत नहीं होने के संबंध में मीडिया में प्रकाशित हुआ था। इस संबंध में जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार ने बताया कि ग्राम पंचायत से प्राप्त अभिमत अनुसार हितग्राही को आवास योजना से लाभान्वित के लिए आवास प्लस 2.0 सर्वे 2024-25 में सर्वे कराया गया है।

### सुशासन तिहार : शिविर में मूलभूत सुविधाओं, राजस्व और विकास कार्यों से संबंधित 1 हजार 59 आवेदन मिले

# कपसीडीह बना राजस्व ग्राम, सेम्हराडीह कतार में : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

ग्राम पंचायत बोरसी के हाईस्कूल परिसर में सोमवार को जिलास्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन रखा गया था जिसमें 14 ग्रामों के ग्रामीणों के द्वारा 1 हजार 59 आवेदन दिए गए जिसमें अधिकांस आवेदनों मौके पर ही निराकरण किया गया। शिविर में विभागीय अधिकारी कर्मचारियों के द्वारा योजनाओं की जानकारी देते हुए ग्रामीणों को अधिकाधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में राजिम विधायक रोहित साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है,जिसका उद्देश्य सीधे गांवों तक पहुंचकर लोगों की समस्याओं का समाधान करना है। उन्होंने भीषण गर्मी के बावजूद बड़ी संख्या में शिविर में पहुंचने पर ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया।विधायक श्री साहू ने ग्राम पंचायत टेका के आश्रित ग्राम कपसीडीह को स्वतंत्र राजस्व गांव बनाए जाने की घोषणा की और कहा कि विधानसभा में इस विषय को प्रमुखता से उठाया गया था जिसके परिणाम स्वरूप यह मांग पूर्ण हो सकी। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में ग्राम पंचायत रोहिना के आश्रित ग्राम सेम्हराडीह को भी राजस्व ग्राम का दर्जा दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार जनता की समस्याओं को समझने और समाधान करने का अभियान है। विधायक श्री साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री किसानों, गरीबों और आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।खाद, पेट्रोल-डीजल एवं रसोई गैस की समस्या पूरी दुनिया में है, लेकिन सरकार किसानों की चिंता दिन-रात कर रही है। उन्होंने किसानों से यूरिया एवं डीएपी का संतुलित उपयोग करने की अपील की।विधायक श्री साहू ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा 18 लाख आवास स्वीकृत किए गए हैं और जिले में आगामी दो वर्षों में लगभग 45 हजार आवासों का निर्माण कार्य जारी है। महतारी वंदन योजना के माध्यम से महिलाओं के खातों में प्रतिमाह राशि सीधे अंतरित की जा रही है,जिससे महिलाओं को आर्थिक मजबूती मिल रही है।

**अवैध मुरूम एवं रेत खनन पर सख्त कार्रवाई के निर्देश-** विधायक श्री साहू ने क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि कोपरा-पोखरा मार्ग का निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है। सड़क चौड़ीकरण, सिंचाई, शिक्षा एवं व्यापार के क्षेत्र में तेजी से विकास कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि किरवई में 50 एकड़ पर कृषि महाविद्यालय की स्थापना की जा रही है तथा गरियाबंद में आधुनिक नालंदा परिसर का निर्माण किया जाएगा। साथ ही उन्होंने बोरसी में सीसी रोड निर्माण एवं बस स्टैंड में सार्वजनिक शौचालय निर्माण कराने की घोषणा भी की। अवैध मुरूम एवं रेत खनन पर सख्त कार्रवाई के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत की एनओसी के आधार पर आवास एवं अन्य निर्माण कायोंर् के लिए रेत उपलब्ध कराने सुविधा हो।





### हितग्राहियों को मिली राहत, गोदभराई की रस्म हुई पूरी



इस अवसर पर कलेक्टर बीएस उइके ने एग्रीस्टेक पंजीयन एवं खाद वितरण व्यवस्था की जानकारी देते हुए कहा कि किसानों को उनकी भूमि के अनुसार खाद उपलब्ध कराया जाएगा।उन्होंने कहा कि जिन किसानों के पास 2.5 एकड़ भूमि है,उन्हें एक बार तथा 10 एकड़ तक भूमि वाले किसानों को तीन बार खाद उपलब्ध कराया जाएगा।उन्होंने यह भी कहा कि ग्राम पंचायत टेका और कपसीडीह दोनों को पृथक-पृथक राजस्व रिकॉर्ड उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। इस दौरान जनपद पंचायत के अध्यक्ष इंद्राणी साहू, जिला पंचायत सदस्य नंदिनी साहू, इंद्रजीत महाड़िक, जनपद पंचायत सदस्य मंजू साहू, बोधन साहू, मधूसूदन साहू, भुवन साहू, हेमंत साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। शिविर के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 04 गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की रस्म अदा की गई। समाज कल्याण विभाग द्वारा एक दिव्यांग महिला को व्हीलचेयर प्रदान की गई। मत्स्य विभाग द्वारा दो हितग्राहियों को मत्स्य जाल एवं दो हितग्राहियों को आइस बॉक्स वितरित किए गए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# कोटवार सेवा भूमि का नामांतरण रद्द, सेवा भूमि का गलत तरीके से किया था बिक्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाण्डुका




तहसील कार्यालय छुरा अंतर्गत ग्राम पंचायत सरकड़ा के पटवारी हल्का नंबर 18 में एक कोटवारी सेवा भूमि गलत तरीके से बेचने का मामला सामने आया था जिसमें ग्राम के कोटवार श्यामलाल पिता बिशन लाल द्वारा गलत तरीका से अपने जमीन को हितेश कुमार साहू पिता हीरालाल एवं अन्य लोगों के पास बिक्री कर दिया गया था। खसरा नंबर 540 का टुकड़ा जो की सड़क किनारे लगा है और करोड़ों की जमीन है पर इसे जमीन विक्रेता के चंगुल में आकर कोटवार द्वारा नियमों की अनदेखी करते हुए गलत तरीके से बिक्री कर दिया था अब तहसील कार्यालय द्वारा इस नामांतरण को रद्द कर दिया गया है। इस बारे में कोटवार ने अपने जमीन को जो सेवा भूमि है उसे मालगुजारी भूमि बताकर स्वामित्व प्राप्त करना बताया है और उसी के कुछ टुकड़ा को हितेश कुमार साहू को बिक्री कर दिया गया जबकि खरीददार हितेश कुमार द्वारा कोटवार की जमीन को अनजाने में खरीदने की बात बताई गया है यह सब जानकारी आरटीआई के माध्यम से वेद प्रकाश यादव द्वारा सूचना के आधार पर प्राप्त हुई है। बता दे की कोटवार श्यामलाल की जमीन में परिवार के शामिल लोगों के नाम शामिल है जो अलग-अलग नंबर है। वहीं खरीदारों में हितेश सहित अन्य कई लोग भी जमीन को खरीदे है। जिसे अवैध करार देते हुए तहसील कार्यालय छूरा द्वारा इसकी नामांतरण को अवैध ठहराते हुए रद्द कर दिया गया है। आदेश में लिखा गया है कि छत्तीसगढ़ भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 183 के तहत कोई ग्राम सेवक अपनी भूमि से अपने हित में विक्रय दान, बंद उप पत्ते का अन्यथा एक वर्ष के अनाधिक कालावादी तक उस पट्टे द्वारा अंतरित करने का प्रयत्न करना है। शून्य होगा ग्राम नौकर को सेवा भूमि दी गई है वह अंतरण नहीं कर सकता अतः अंतरण अवैध है इस प्रकार सेवा भूमि को नामांतरण को रद्द कर दिया गया।

# नवापारा क्षेत्र में फिर सक्रिय हुए बड़े जुआरी

**नवापारा-राजिम।** नवापारा थाना क्षेत्र में एक बार फिर बड़े जुआरियों के सक्रिय होने की खबरों ने पूरे इलाके में चिंता बढ़ा दी है। जानकारी के अनुसार चंपारण से लेकर आसपास के कुछ चुनिंदा गांवों में संगठित तरीके से बड़े पैमाने पर जुए का संचालन किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि यह गिरोह हर दो-तीन दिन में अपना ठिकाना बदल लेता है, ताकि पुलिस की नजरों से बचा जा सके। स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह पूरा खेल पुलिस की जानकारी के बिना संभव नहीं है, क्योंकि इतने बड़े स्तर पर जुए का संचालन खुलेआम होने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई दिखाई नहीं दे रही है। ग्रामीणों और जानकार सूत्रों का कहना है कि जुआरियों की यह गैंग पूरी तैयारी और रणनीति के साथ काम करती है। इनके पास अलग-अलग गांवों में सक्रिय ऐसे लोग हैं जो पुलिस की हलचल पर नजर रखते हैं। जैसे ही किसी दिशा से पुलिस वाहन या संदिग्ध गतिविधि दिखाई देती है, मोबाइल फोन के माध्यम से तुरंत सूचना जुआ फड़ तक पहुंचा दी जाती है। इसके बाद जुआरी सतर्क हो जाते हैं और कुछ ही मिनटों में पूरा अड्डा खाली कर दिया जाता है। यही कारण है कि अब तक कोई बड़ी कार्रवाई सामने नहीं आ सकी है। जानकारी के अनुसार नवापारा थाना क्षेत्र के कई ग्रामीण इलाकों में देर रात तक जुए की महफिल सज रही है। खेतों के किनारे, सुनसान बाड़ी, फार्म हाउस और गांव से दूर स्थित जगहों को इसके लिए चुना जा रहा है। यहां आसपास के जिलों और दूसरे क्षेत्रों से भी बड़े जुआरी पहुंच रहे हैं। लाखों रुपये के दांव लगाए जाने की चर्चाएं हैं। नवापारा क्षेत्र के लोगों ने जिला प्रशासन और पुलिस विभाग से मांग की है कि जुए के इस नेटवर्क पर तत्काल बड़ी कार्रवाई की जाए। लगातार छापेमारी कर जुआ संचालकों और उनके सहयोगियों के खिलाफ कठोर कानूनी कदम उठाए जाएं। साथ ही उन लोगों की भी जांच होनी चाहिए जिनकी कथित संरक्षण भूमिका की चर्चा क्षेत्र में हो रही है। लोगों का कहना है कि जुए के कारण हजारों परिवार बर्बादी की कगार पर पहुंच चुके हैं। अब समय आ गया है कि प्रशासन केवल कागजी कार्रवाई नहीं, बल्कि जमीन पर सख्त अभियान चलाकर इस सामाजिक बुराई को खत्म करने की दिशा में ठोस पहल करें।

# बेजुबान पक्षियों और मवेशियों के लिए दाना-पानी जुटा रहे बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुरसाबांधा



भीषण गर्मी के इस दौर में जहां इंसान भी तपिश से बेहाल हैं, वहीं आदर्श ग्राम श्यामनगर, सुरसाबांधा और बरोण्डा के छोटे-छोटे बच्चे मानवता और जीव प्रेम की अनूठी मिसाल पेश कर रहे हैं। गांव के बच्चे रोजाना अपने घरों एवं गलियों के आसपास चिड़ियों, गौमाता और अन्य बेजुबान जीवों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था कर रहे हैं। बच्चों द्वारा मिट्टी के बर्तनों, कटोरियों और पुराने बर्तनों में पानी भरकर पेड़ों के नीचे एवं घरों के बाहर रखा जा रहा है, ताकि गर्मी में प्यास से परेशान पक्षियों और जानवरों को राहत मिल सके।



वहीं कई बच्चे नियमित रूप से गौमाता को चारा खिलाते और पक्षियों के लिए दाना डालते नजर आ रहे हैं। बच्चों की यह पहल गांव में सेवा, संस्कार और संवेदनशीलता का सुंदर उदाहरण बन गई है। इस प्रेरणादायी कार्य में प्रमुख रूप से अंजली साहू, टिया साहू, साधना, डाली, प्रियंका, रियांशी, खुशी, दीक्षा,स्वाति निर्मलकर, मणिकर्णिका निर्मलकर एवं समर साहू सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। बच्चों की इस पहल की गांव में काफी सराहना हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि बच्चों की यह पहल पूरे गांव के लिए प्रेरणा बन रही है। छोटे बच्चों के मन में जीवों के प्रति दया, करुणा और सेवा भाव देखकर लोग उनकी सराहना कर रहे हैं। गांव के बुजुर्गों का कहना है कि आज के समय में जहां लोग अपने निजी कार्यों में व्यस्त रहते हैं, वहीं बच्चों द्वारा बेजुबान जीवों की सेवा करना समाज को सकारात्मक दिशा देने वाला कार्य है। गर्मी के मौसम में जलस्तर कम होने और तापमान लगातार बढ़ने से पक्षियों एवं पशुओं को पानी की भारी समस्या का सामना करना पड़ता है। ऐसे समय में बच्चों की यह छोटी-सी कोशिश अनेक जीवों के लिए जीवनदायिनी साबित हो रही है। गांव के कई लोग अब बच्चों से प्रेरित होकर अपने घरों के बाहर भी पानी और दाना रखने लगे हैं। ग्रामीणों ने सभी लोगों से अपील करते हुए कहा कि हर घर के बाहर एक पात्र में पानी और थोड़ा दाना अवश्य रखें, ताकि कोई भी बेजुबान जीव प्यासा न रहे। बच्चों की यह सेवा भावना वास्तव में मानवता, जीव प्रेम और संस्कारों की मिसाल बनकर सामने आ रही है।

## सेवा पुस्तिका ऑडिट करने लगे विशेष कैंप

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने प्रदेश के करीब 1.20 लाख एलबी संवर्ग के शिक्षकों की लंबित सेवा पुस्तिका ऑडिट प्रक्रिया को लेकर शासन का ध्यान आकर्षित किया है। एसोसिएशन ने स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव, लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआई) के संचालक और कोष लेखा एवं पेंशन संचालक को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र समाधान की मांग की है। संघ ने शिक्षकों की सुविधा के लिए प्रत्येक विकासखंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) कार्यालय में विशेष ऑडिट कैंप आयोजित करने की मांग उठाई है। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश सह सचिव विनोद सिन्हा ने बताया कि संघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा के नेतृत्व में यह मांग शिक्षकों के हित में उठाई गई है। उन्होंने कहा कि सेवा पुस्तिका का समय पर और त्रुटिरहित ऑडिट शिक्षकों के भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। संविलियन पूर्व सेवा की गणना, पदोन्नति, समयमान, समतुल्य वेतनमान, सातवें वेतनमान का लाभ तथा भविष्य में सेवानिवृत्ति से जुड़े मामलों के लिए यह प्रक्रिया अनिवार्य है। संघ के अनुसार वर्तमान व्यवस्था में सेवा पुस्तिका ऑडिट के लिए डीडीओ अथवा कई मामलों में स्वयं शिक्षकों को कोष लेखा एवं पेंशन के संभागीय कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। इससे शिक्षकों पर अनावश्यक आर्थिक और मानसिक बोझ बढ़ रहा है। कई बार ऑडिट प्रक्रिया को तेज करने के नाम पर अनुचित आर्थिक सहयोग की अपेक्षा भी की जाती है, जिससे शिक्षकों में असंतोष है। एसोसिएशन ने मांग की है कि सेवा पुस्तिका ऑडिट प्रक्रिया पूरी तरह निःशुल्क, पारदर्शी और समयबद्ध बनाई जाए। इस दौरान प्रदेश संयोजक सुधीर प्रधान, वाजिद खान, देवनाथ साहू, बसंत चतुर्वेदी, प्रवीण श्रीवास्तव, शैलेन्द्र यदु, कोमल वैष्णव, मुकेश मुदलियार, मनोज सनाढ्य, शैलेन्द्र परिक, यशवंत बघेल, पूरण साहू, परमेश्वर निर्मलकर और संतोष साहू सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।



दशगात्र सूचना



स्व. श्री पवन कुमार यदु जी

विधि के विधान के सामने नतमस्तक होकर अत्यंत दु:ख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पूज्य पति व सम्मानित शिक्षक श्री पवन कुमार यदु जी (करेली बड़ी वाले) का स्वर्गवास दिनांक 16-05-2026 दिन शनिवार को हो गया है। ईश्वर उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा हमें यह दुख सहने की शक्ति प्रदान करें।

कार्यक्रम
दशगात्र : दिनांक 26.05.2026 (मंगलवार)
कार्यक्रम स्थल: खोलीपारा, प्राथमिक शाला, वार्ड क्र. 01, गोबरा नवापारा
आप सपरिवार पधारकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करें और प्रार्थना में भाग लें।
तालाब कार्यक्रम दोपहर 11बजे प्रारम्भ होगा (खोली पारा तालाब)

शोकाकुल परिवार
श्रीमती पदमा यदु (धर्मपत्नी)
डॉ आशीष कुमार यदु (पुत्र), अभिनव यदु (पुत्र)
अनिता यदु (पुत्री) समस्त यदु परिवार

टीप - जिन्हें शोक पत्र ना मिल पाया हो वे इसे ही शोक पत्र मानें।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर)
फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### श्री सत्यनारायण मंदिर में धार्मिक उत्सव जारी

**नवापारा-राजिम।** शहर में श्रीराम का जन्मोत्सव अति हर्षोल्लास और श्रद्धाभाव के संग मनाया गया। इस पावन अवसर पर श्री सत्यनारायण मंदिर में, भव्य आयोजन संपन्न हुआ। जहां श्रीराम जन्मोत्सव को लेकर श्रद्धालुओं में असीम उत्साह देखा गया। इस भव्य कार्यक्रम के अंतर्गत श्री सत्यनारायण मंदिर को विशेष रूप से सुसज्जित किया गया था। रामायण समिति के अध्यक्ष नन्दलाल कंसारी के नेतृत्व में मंदिर में पूजा-अर्चना और धार्मिक अनुष्ठानों का क्रम चलता रहा, जिसमें विशाल संख्या में स्थानीय नगरवासी और श्रद्धालु सम्मिलित हुए। जिसमें राम जी के मनोहारी रूप के साक्षात दर्शन हुए। गीत-भजन नृत्य से राम के बाल स्वरुपों की सभी ने आरती पूजन कर स्वागत किया। पूरा मंदिर परिसर जय श्री राम के जयघोष से गुंजायमान हो उठा और लोगों ने बड़े धूमधाम के साथ इस उत्सव को मनाया। यह संपूर्ण धार्मिक आयोजन संध्या 7 बजे महाआरती के साथ संपन्न हुआ। समिति सदस्यों के पर्यवेक्षण में उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को आदरपूर्वक महाप्रसाद वितरित किया गया, जिसे सैकड़ों भक्तों ने ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। बता दे कि गोबरा नवापारा के स्थानीय श्री सत्यनारायण मंदिर प्रांगण में, कसेर समाज द्वारा पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर एक माह तक चलने वाला संगीतमय रामायण पाठ पिछले कई दिनों से लगातार जारी है।

### मोदी सरकार के आर्थिक कुप्रबंधन के चलते कर्ज में डूबा भारतः विनोद

**महासमुंद।** पूर्व संसदीय सचिव छग शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 के लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान युवाओं को हर साल 2 करोड़ नौकरियां देने, विदेशों से काला धन वापस लाने का वादा किया था। काला धन तो नहीं लाया लेकिन विदेशों से कर्ज लाकर भारत को दुनिया का सबसे बड़ा कर्जदार देश बना दिया है। देश के 14 प्रधानमंत्रियों ने 67 साल में जितना कर्ज नहीं लिया, मोदी ने 11 साल में ले लिया। पूर्व संसदीय सचिव ने कहा कि मोदी सरकार की आर्थिक कुप्रबंधन के चलते देश का हर नागरिक कर्जदार बन गया है। जनता पर तरह-तरह के टैक्स थोपे जा रहे हैं। रोजमर्रा की महंगाई से आम नागरिक परेशान हैं।

**मांग : प्रति एकड़ खाद का कोटा घटाने से भड़के सैकड़ों अन्नदाता, पुरानी व्यवस्था बहाल करने की मांग**

# खरीफ सीजन से पहले ही खाद का संकट पोड़ सहकारी समिति में डीएपी की कमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा/ पांडुका

खरीफ सीजन की तैयारी के बीच जिले के किसानों को खाद के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। ग्राम पोड़ स्थित सहकारी समिति में डीएपी खाद की भारी कमी से आसपास गावों के किसान परेशान हैं। किसानों ने समिति प्रबंधक को लिखित आवेदन देकर जल्द पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराने की मांग की है, किसानों का कहना है कि बुवाई का समय अब नजदीक है, ऐसे में खाद नहीं मिलने से खेती कार्य प्रभावित हो रहा है।आगे बताया कि समिति में केवल सीमित मात्रा में डीएपी उपलब्ध थी, जिसे कुछ किसानों को ही दिया गया, जबकि अधिकांश किसान खाली हाथ लौटने को मजबूर हो रहे हैं। किसानों ने कम से कम डीएपी तत्काल उपलब्ध कराने की मांग की है ताकि समय पर खेती का काम शुरू हो सके। सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर हर साल खरीफ सीजन आते ही खाद संकट क्यों खड़ा हो जाता है? कृषि विभाग और सहकारी समिति के जिम्मेदार अधिकारी पहले से तैयारी क्यों नहीं करते? किसानों की जरूरत का अनुमान होने के बावजूद पर्याप्त भंडारण नहीं किया जाना विभागीय लापरवाही को उजागर करता है।

**प्रति एकड़ खाद का कोटा घटाने से बढ़ी आफत-** एक ओर सरकार किसानों की आय बढ़ाने और खेती को मजबूत करने के बड़े-बड़े दावे करती है, वहीं दूसरी ओर जमीनी हकीकत यह है कि किसान खाद के लिए परेशान होकर आवेदन देने को मजबूर हैं। यदि समय रहते डीएपी उपलब्ध नहीं कराया गया तो इसका सीधा असर उत्पादन पर पड़ेगा और नुकसान किसानों को उठाना पड़ेगा। आगे किसान रामचंद साहू, कौशल सेन सतीश चौरे शैलेन्द्र साहू, गौरव मिश्रा, विक्रमादित्य साहू लक्ष्मीनरायण, राजू निषाद, चंद्रहास साहू धनीराम, चिंता राम पोखन साहू, विक्रम साहू, तिलक राम, अवधराम, महेंद्र साहू, रूपेश कुमार, बोहरण तोमन हरि राम बीसहत, जितेन्द्र लीलाराम संतराम परदेशी भीखम हिरासिंग अशोक द्वारिका सहित सैकड़ो किसानो का कहना है की पूर्व मे प्रति एकड़ दो बोरी डीपी तीन बोरी यूरिया दो बोरी सुपर फास्फेट एक बोरी पोटास दिया जा रहा था किन्तु इस वर्ष प्रति एकड़ पच्चीस किलो डीपी एक बोरी यूरिया ही दिया जा रहा है ऐसे मे किसानी करना बड़ी मुश्किल होंगी पूर्व के भांति इस बार भी खाद दिया जाए।




### किसानों की समस्या सुन सोसायटी पहुंचे जिपं सदस्य



इंद्रजीत महाडिक जिला पंचायत सदस्य ने किसानों की समस्या सुन ग्राम पोड़ स्थित सोसायटी पहुंचे, जहां उन्होंने किसानों की गंभीर समस्याओं को लेकर उपस्थित वरिष्ठ कृषि अधिकारी भावेश सांडिल्य छुरा से विस्तारपूर्वक चर्चा की। इस दौरान किसानों को खाद की कमी, वितरण व्यवस्था में अव्यवस्था एवं समय पर खाद उपलब्ध नहीं होने की समस्या प्रमुख रूप से उठाई। इंद्रजीत महाडिक ने अधिकारियों से कहा कि आने वाले कुछ दिनों मे खेती-किसानी के लिए बेहद महत्वपूर्ण है और यदि किसानों को समय पर खाद नहीं मिला तो उनकी फसल प्रभावित होगी। उन्होंने विभाग को जल्द से जल्द व्यवस्था सुधारने एवं पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि समय रहते किसानों को खाद उपलब्ध नहीं कराया गया, तो किसानों के साथ हजारों की संख्या में उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित विभाग एवं प्रशासन की होगी। महाड़िक ने कहा कि किसानों की समस्या को किसी भी कीमत पर नजरअंदाज नहीं किया जाएगा और किसानों के अधिकारों के लिए हर स्तर पर संघर्ष किया जाएगा।

### सरकार और प्रशासन की लापरवाही से निजी दुकानों में हो रही लूट : कांग्रेस नेता

इसी बीच किसान हितों को लेकर आवाज उठाते हुए शैलेन्द्र साहू पूर्व जनपद उपाध्यक्ष, गौरव मिश्रा युवा कांग्रेस अध्यक्ष, सतीश चौरे सचिव जिला कांग्रेस व विक्रमादित्य साहू कांग्रेस मंडल अध्यक्ष पाण्डुका ने सरकार एवं संबंधित विभाग पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि सरकारी सोसायटियों में किसानों के लिए पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध नहीं है, जिसके कारण किसान परेशान होकर इधर-उधर भटकने को मजबूर हैं। वहीं दूसरी ओर निजी दुकानों में खाद को सरकारी निर्धारित दर से अधिक कीमत पर बेचा जा रहा है, जिससे किसानों का आर्थिक शोषण हो रहा है। आगे आरोप लगाते हुए कहा कि एक तरफ सरकार किसानों के हितों की बात करती है, वहीं दूसरी तरफ किसान खाद के लिए दर-दर भटक रहे हैं। निजी दुकानदार मनमाने दाम वसूल कर किसानों को लूटने का काम कर रहे हैं, लेकिन प्रशासन इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहा है। उन्होंने मांग की कि किसानों को तत्काल पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराया जाए तथा निजी दुकानों में हो रही कालाबाजारी और अधिक कीमत वसूली पर सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही चेतावनी दी कि यदि जल्द व्यवस्था नहीं सुधरी तो किसानों के साथ मिलकर आंदोलन किया जाएगा।अब देखना यह होगा कि जिला प्रशासन, कृषि विभाग और सहकारी समिति के अधिकारी किसानों की समस्या को कितनी गंभीरता से लेते हैं या फिर किसान इसी तरह खाद के लिए भटकते रहेंगे।

# लफंदी आंगनबाड़ी में मितानिन ने बच्चों को कराया नेवता भोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

ग्राम लफंदी स्थित आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2 में सोमवार को विशेष नेवता भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन भागवती तारक मितानिन दीदी द्वारा अपनी शादी की सालगिरह की खुशी में कराया गया, जिसमें आंगनबाड़ी के बच्चों को पौष्टिक आहार एवं विभिन्न खाद्य सामग्री वितरित की गई।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों को पौष्टिक भोजन कराते हुए उनके स्वास्थ्य एवं पोषण का विशेष ध्यान रखा गया। गांव के लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि पहले इस तरह के आयोजन बड़े स्कूलों में देखने को मिलते थे, लेकिन अब ग्रामीणों द्वारा आंगनबाड़ी के छोटे बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण को लेकर भी जागरूकता दिखाई जा रही है, जो सराहनीय पहल है। ग्रामीणों ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन समाज में संवेदनशीलता और सामाजिक सरोकार की भावना को मजबूत करते हैं। बच्चों के प्रति प्रेम, स्नेह और जिम्मेदारी का यह एक सुंदर उदाहरण है। ग्राम के सामाजिक कार्यकर्ता हेमीन साहू ने कहा कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को ऐसे सामाजिक और जनहितकारी कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। इससे बच्चों में खुशी का माहौल बनता है और समाज में सकारात्मक संदेश भी जाता है। कार्यक्रम में गांव के कई गणमान्य नागरिक, महिलाएं एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।





# झीरम घाटी के शहीदों को देवभोग कांग्रेस ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



ब्लॉक कांग्रेस कमेटी देवभोग द्वारा सोमवार स्थानीय विश्राम गृह में झीरम घाटी नक्सली हमले में शहीद हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं एवं जवानों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने शहीदों के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौन रख उनके बलिदान को नमन किया। कार्यक्रम के दौरान जिलाध्यक्ष सुखचंद बेसरा ने कहा कि झीरम घाटी की घटना छत्तीसगढ़ ही नहीं बल्कि पूरे देश की राजनीति और लोकतंत्र के इतिहास का एक काला अध्याय है। इस नृशंस हमले में प्रदेश कांग्रेस के कई बड़े नेताओं सहित सुरक्षाबलों के जवानों ने अपने प्राणों की आहुति दी थी।उनके बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। शहीदों ने लोकतंत्र और जनसेवा की रक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर किए थे। आज भी उनके संघर्ष, त्याग और जनता के प्रति समर्पण की भावना कांग्रेस कार्यकर्ताओं को प्रेरणा देती है।श्रद्धांजलि सभा में मौजूद कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर शहीदों के सपनों को पूरा करने तथा लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प लिया। सभा में नेताओं ने कहा कि झीरम घाटी के शहीदों की याद हमेशा प्रदेशवासियों के दिलों में जीवित रहेगी। उनके योगदान को आने वाली पीढ़ियां भी सम्मान के साथ याद करेंगी। कार्यक्रम का माहौल पूरी तरह भावुक रहा और उपस्थित कार्यकर्ताओं ने "शहीद अमर रहें" के नारों के साथ श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सुखचंद बेसरा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भुपेंद्र मांझी, महेश्वर बघेल, सोदर कश्यप, अनामो बघेल अध्यक्ष किसान कांग्रेस कुंजल राम यादव उमेश डोंगरे प्रदेश सचिव युंका निराकार डोंगरे विधानसभा उपाध्यक्ष तरूण नागेश प्रदेश प्रवक्ता भोले मांझी युवा कांग्रेस नरेन्द्र नागेश भीखराम बीसी के साथ पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।



### झीरम घाटी के शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई

**छुरा।** राज महल प्रांगण में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा झीरम घाटी में शहीद हुए कांग्रेस कमेटी के नेताओं और जवानों को भाव भीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई और छाया चित्र पर पुष्प अर्पित की गई, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष महेश्वरी शाह ने शहीद हुए नेताओं को याद करते हुए उनके पार्टी के प्रती योगदान की सराहना की और कहा कि उनके जाने से कांग्रेस पार्टी को बहुत नुकसान हुआ, इस आयोजन में प्रमुख रूप से ब्लॉक अध्यक्ष महेश्वरी शाह, पूर्व जिला उपाध्यक्ष अब्दुल समद खान, यशपेन्द्र शाह, मंडल अध्यक्ष नीलकंठ ठाकुर, नगरपंचायत उपाध्यक्ष अब्दुल शमीम खान, पूर्व महिला जिलाध्यक्ष राजकुमारी सोनी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष व पार्षद सलीम मेमन, भानु प्रताप वर्मा, पार्षद पंच राम टंडन,देव सिंग नेताम, रामजी दीवान, शांतनु देवांगन, यामीन खान, शैलेन्द्र दीक्षित, सेक्टर अध्यक्ष अखिल चौबे, गजेंद्र ठाकुर, ब्लॉक सचिव श्वेता चंद्राकर, देश बाई और कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जिले में किसान पंजीयन के लिए तहसील स्तरीय समितियां गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

कलेक्टर बीएस उइके ने एग्रीस्टेक परियोजना के अंतर्गत किसान पंजीयन के लिए तहसील स्तरीय समितियों का गठन किया गया है। समिति द्वारा 26 मई 2026 से 10 जून 2026 तक रेगहा, अधिया, ग्राम नौकर, शासकीय पट्टेदार (कृषि), संस्था, ट्रस्ट, राजस्व, वन वन अधिकार पट्टा तथा असर्वेक्षित वन ग्राम के कृषकों का पंजीयन किया जाएगा। इसके लिए विभिन्न तहसीलों में अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार राजिम तहसील के लिए एसडीएम राजिम श्री विशाल महाराणा, तहसीलदार श्रीमती डिंपल धुरव को राजस्व विभाग का दायित्व सौंपा गया है। इसी प्रकार वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी श्री के.आर. वर्मा को कृषि विभाग एवं सहकारिता विस्तार अधिकारी श्री मोहित राम गड़तिया को सहकारिता विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी प्रकार फिंगेश्वर तहसील के लिए एसडीएम श्री विशाल महाराणा और तहसीलदार श्री रमेश मेहता को राजस्व विभाग, वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी श्री के.आर. वर्मा को कृषि एवं सहकारिता विस्तार अधिकारी श्री मोहित राम गड़तिया को कृषि विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। इसी प्रकार छुरा तहसील में एसडीएम श्री विशाल कुमार महाराणा और श्री मयंक अग्रवाल को राजस्व, वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी श्री बी.के. शाण्डिल्य को कृषि एवं सहकारिता विस्तार अधिकारी मोहम्मद सुहेल को सहाकारिता विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। गरियाबंद तहसील के लिए एसडीएम सुश्री हितेश्वरी बाघे और तहसीलदार श्री चितेश देवांगन को राजस्व विभाग, वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी श्री मनोज कुमार अटल को कृषि एवं सहकारिता विस्तार अधिकारी मोहम्मद सुहेल को सहकारिता विभाग के लिए नियुक्त किया गया है।

मैनपुर तहसील में एसडीएम सुश्री हितेश्वरी बाघे और तहसीलदार श्री सुशील कुमार भोई को राजस्व, वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी श्री जी.के. ठाकुर को कृषि एवं सहाकरिता विस्तार अधिकारी श्री झंसकेतन सोनवानी को सहकारिता विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अमलीपदर तहसील में एसडीएम सुश्री हितेश्वरी बाघे और तहसीलदार श्री गेंदलाल साहू को राजस्व, वरिष्ठ कृषि अधिकारी श्री जी.के. ठाकुर को कृषि एवं श्री झंसकेतन सोनवानी को सहकारिता विभाग का दायित्व सौपा गया है। देवभोग तहसील के लिए एसडीएम श्री रामसिंह शोरी और तहसीलदार श्री अजय चंद्रवंशी को राजस्व, कृषि विकास अधिकारी श्री कोपेश्वर गजेन्द्र को कृषि एवं सहकारिता विस्तार अधिकारी श्री झंसकेतन सोनवानी को सहकारिता विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। इस प्रकार उक्त मैदानी अमलों की ड्यूटी लगाकर कार्य को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए है।

**आमामोरा में जनजातीय गरिमा उत्सव के तहत जनसुनवाई**

# वनांचल में जमीन पर बैठकर अफसरों ने सुनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

जिले के दूरस्थ पहाड़ी वनांचल में बसे ग्राम ओड़ आमामोरा में जनजातिय गरिमा उत्सव अभियान के तहत अफसरों की टीम पहुंची और आयोजित जन सुनवाई कार्यक्रम में अफसरों ने जमीन में बैठक जनजातिय समुदाय के समस्याओं को सुना और कई समस्याओं का समाधान करने का निर्देश भी दिया गया है। इस अभियान के दौरान जनजातिय ग्रामों एवं सेवा केन्द्रों में जन सुनवाई स्वास्थ्य शिविर ग्राम भ्रमण कर अफसरों ने शासन की योजनाओं की धरातल पर जानकारी लेते हुए पौधा रोपण एवं अन्य कार्यों की जानकारी दी। ग्राम आमामोरा में विशेष जन सुनवाई कार्यक्रम में रायपुर से आदिवासी विकास विभाग के अपर संचालक संजय गौड़, उपायुक्त प्रज्ञान सेठ, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास जिला गरियाबंद लोकेश्वर पटेल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सुश्री नम्रता शर्मा सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विशेष पिछड़ी जनजाति कमार एवं भुजिया समुदाय के परिवारों एवं ग्रामीणों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति की जानकारी प्राप्त की गई अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए त्वरित निराकरण के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए। जनसुनवाई के माध्यम से ग्रामीणों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की गई तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।

### नया आश्रम भवन निर्माण के साथ ही दोना पत्तल केंद्र खोलने की मांग




दूरस्थ पहाड़ी वनांचल आमामोरा ओड़ क्षेत्र में पहुंचे अफसरों को ग्रामीणों ने कई समस्याओं से अवगत कराया जिसमें ग्रामीणों ने आमामोरा स्थित आश्रम भवन की दयनीय स्थिति को देखते हुए नए भवन निर्माण की मांग के साथ ही कौशल प्रशिक्षण के तहत दोना पत्तल केन्द्र खोलने और रोजगार उपलब्ध कराने की मांग किया। इस क्षेत्र के ग्रामीणों ने बताया की पहाड़ी वनांचल क्षेत्र होने के कारण भीषण गर्मी के इन दिनों में पेयजल की गंभीर समस्या से ग्रामीण जुझ रहे हैं। कहने को तो सभी गांवों में हैंडपंप है लेकिन अधिकांश हैंडपंपों में लाल आयरनयुक्त पानी निकलने के कारण और हैंडपंपों का जलस्तर नीचे चले जाने के कारण ग्रामीणों को पेयजल की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के साथ ही अधूरे सड़क निर्माण को पूरा करने की मांग किया है। इस मौके पर उपसरपंच लखमुराम सोरी, पोटोसिंह चिंडा, बलराम, ललिता बाई, कुंती बाई, बिंदाबाई सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

